तापमान
अधिकतम 46 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

12 सफाई व्यवस्था पर आपात मीटिंग, भड़के चेयरमैन ...



12 450 स्वास्थ्य व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने ली बेटी ...



## खबर संक्षेप

### कार सवार व्यक्ति पर रॉड व डंडों से हमला

**यमुनानगर।** यमुनानगर के खजूरी मोड़ स्थित धर्म कांटे के पास कहासुनी के बाद जठलाना निवासी जब्बार पर कुछ लोगों ने रॉड और डंडों से हमला कर दिया। जब्बार के अनुसार, वह 24 मई को अपनी ब्रेजा कार से यमुनानगर आया था। वहां उसकी नावेद, बिलाल और वाजिद से बहस हो गई। आरोप है कि इन लोगों ने अपने साथियों वकील, साहब, रहमान खान, लीलू खान, शाहरुख और पीड़ा के साथ मिलकर उस पर हमला किया और उसकी कार भी तोड़ दी। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने 10 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फेक आईडी बनाकर बदनाम करने का आरोप

**यमुनानगर।** इंस्टाग्राम पर युवती की फेक आईडी बनाकर उसे परेशान व बदनाम करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला व व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी इंस्टाग्राम पर अपने नाम से आईडी बनाई हुई है। गांव पिपली वाला निवासी प्रवीण व कुलविंदर ने उसके नाम से फेक आईडी बनाकर उसे परेशान किया। इस दौरान आरोपियों ने उसे बदनाम करने की नीयत से उस पर गलत वीडियो सेंड की। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने आरोपियों से बात की मगर आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ साइबर क्राइम पुलिस थाने में शिकायत दी।

### घर में घुसकर चुराई नकदी व सोने का कड़ा



**यमुनानगर।** शहर की मॉडल कॉलोनी में चोरों ने एक घर में घुसकर एक लाख की नकदी व सोने का कड़ा चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की मॉडल कॉलोनी निवासी अजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 मई को देर रात वह खाना खाकर परिवार के सदस्यों के साथ कमरों में सो गए थे। रात को करीब तीन बजे एक चोर उनके घर में घुस गया। आरोपी ने घर में अलमारी से एक लाख रुप की नकदी व दो तोले सोने का कड़ा चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब चार लाख रुपये है। सुबह जब वह उठे तो उन्हें अलमारी खुली मिली और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ पर युवक पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के कैंप क्षेत्र में युवक ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कैंप क्षेत्र निवासी महिला ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 13 वर्षीय लड़की 24 मई को कॉलोनी में किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उनकी कॉलोनी के ही अर्जुन ने उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी ने गलत नियत से उसकी लड़की का हाथ पकड़ लिया। उसकी लड़की के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। उसकी लड़की ने घर आकर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अर्जुन के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

सीएम फ्लाइंग और कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बड़ा खुलासा

# गोदामों में अवैध भंडारण और बिक्री पर 3 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द

*सीएम फ्लाइंग स्क्वायड और कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में करनाल में बिना लाइसेंस खाद भंडारण और बिक्री का बड़ा मामला सामने आया है। गोदामों में अवैध रूप से खाद और कृषि दवाइयों का स्टॉक मिलने पर केस दर्ज कर लाइसेंस रद्द किए गए।*

**केस दर्ज**

**»** *किसानों से बिल लेने और मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण की अपील*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सीएम फ्लाइंग और कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई करती हुई। फोटो : हरिभूमि

उपनिदेशक कृषि डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि सीएम फ्लाइंग स्क्वायड और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की संयुक्त टीम ने मैसर्ज इफको-ई-बाजार लिमिटेड के गोदामों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान विभिन्न प्रकार के खाद जैसे ह्यमिक पावर, ह्यूमिक इफको, सागरिका, जिंक सल्फेट और सल्फर का अवैध भंडारण और बिक्री पाई गई। निरीक्षण में सामने आया कि कंपनी बिना लाइसेंस खाद का भंडारण और बिक्री कर रही थी। मौके पर स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक और अन्य जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं मिले।

जांच में यह भी पाया गया कि खाद और दवाइयों का अवैध भंडारण मैसर्ज मोहन इंटरप्राइजेज, हांसी रोड स्थित गोदाम में किया गया था। डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 की विभिन्न धाराओं के तहत सदर बाजार पुलिस चौकी में मुकदमा नंबर 344 दर्ज करवाया गया है। मामले में पुलिस नियमानुसार आगामी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में जिले में करीब 5.30 लाख एकड़ में विभिन्न फसलों की बुवाई होती है, जिसके लिए लगभग 1.05 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 20 हजार मीट्रिक टन डीएपी की आवश्यकता रहती है।

वर्तमान में जिले में 22 हजार मीट्रिक टन यूरिया और 3 हजार मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उपनिदेशक कृषि ने खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी या अन्य उत्पादों के साथ जबरन बिक्री न की जाए। उन्होंने बताया कि अब तक 55 खाद विक्रेताओं का निरीक्षण किया जा चुका है, जिनमें अनियमितता मिलने पर तीन लाइसेंस रद्द और दस लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि खरीफ 2026 की फसलों का "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं और खाद, बीज व दवाइयों की खरीद का बिल अवश्य लें।

---

# विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले को 7 साल कैद

- सोशल मीडिया दोस्ती के बाद ब्लैकमेलिंग से परेशान थी विवाहिता, पति की शिकायत पर 2023 में दर्ज हुआ था केस



50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सेशन जज वाणी गोपाल शर्मा की अदालत में विवाहित निशु पत्नी शिवेश मूल निवासी बिहार हाल निवासी पंजाबी कॉलोनी, समालखा जिला पानीपत को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी अंगद सिंह पुत्र बाबू लाल राजपूत निवासी गांव अंबाजी जिला वन्स कामठा, गुजरात को दोषी करार देते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं जज शर्मा की अदालत ने अंगद पर 50 हजार रुपए जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी अंगद को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि अंगद की निशु के साथ सोशल मीडिया पर दोस्ती थी। वही, अंगद सिंह ने धीरे-धीरे निशु को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। निशु ने अंगद से परेशान होकर अपने किराए के घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इधर, पति शिवेश ने अपनी निसु की मौत के लिए अंगद सिंह को जिम्मेदार ठहराया। दूसरी ओर, थाना समालखा में 29 जुलाई सन 2023 को ने शिवेश की शिकायत पर निशु को आत्महत्या के लिए बाध्य करने के आरोप में अंगद सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया और अंगद को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि कोर्ट ने अंगद को न्याय केरसत में जेल भेज दिया था।

# थाईलैंड में प्लान हुआ करनाल की लेडी क्लर्क का मर्डर

- ऑस्ट्रेलिया में पड़ोसी के बेटे ने शूटर हायर किया, पिता की मौत का जिम्मेदार मानता था



**करनाल।** करनाल में लेडी क्लर्क डिंपल अरोड़ा मर्डर केस में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पार्किंग विवाद से शुरू हुए झगड़े के बाद ऑस्ट्रेलिया में बैठे पड़ोसी के बेटे विकास ने उसकी डिंपल का मर्डर प्लान किया था। इसके लिए विकास ने एक संजू नाम का शूटर भी हायर किया। थाईलैंड में इसके लिए एक डील हुई। संजू ने 15 मई को घर के बाहर गोली मारकर डिंपल की हत्या कर दी। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। 17 मई को मुठभेड़ में संजू पकड़ा गया था। आज (26 मई) को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से 6 दिन की रिमांड मंजूर हुई। करनाल डीएसपी राजीव कुमार का कहना है कि अभी तक की जांच में पार्किंग विवाद में ही डिंपल की हत्या की बात सामने आई है। मुख्य आरोपी विकास ने संजू को थाईलैंड में डिंपल की हत्या की सुपारी दी। विकास खुद भी ऑस्ट्रेलिया में रहता है। विकास डिंपल को अपने पिता की मौत का जिम्मेदार मानता था।

---

# अवैध खनन में संलिप्त 13 वाहन जब्त

- 12 .90 लाख रुपये जुर्माना वसूला, अवैध खनन पर आगे भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन के विरुद्ध कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिले में अवैध खनन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रई है। इस कड़ी में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन में संलिप्त 13 वाहनों को जब्त किया गया है। उपायुक्त प्रीति ने उक्त जानकारी देते हुए जिले में अवैध खनन करने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। प्रशासन अवैध खनन होने वाले स्थानों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि जिला में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरूद्ध प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा 13 वाहनों को जब्त किया गया। जिसमें पोकलेन व जेसीबी भी शामिल हैं। विभिन्न मामलों में 4 वाहनों को रिलीज किया गया तथा कुल 12.90 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। अवैध खनन व परिवहन के मामलों में 10 एफआईआर दर्ज की गई। वहीं, बिना आईएसटीपी के 2 वाहनों पर 61 हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# चलती एक्टिवा में आग लगी भाजपा नेता बाल-बाल बचे

- राहगीरों की सतर्कता से चालक ने बचाई जान
- दुकानदारों ने पानी व अग्निशमन यंत्र से पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भीषण गर्मी व आसमान से बरसती आग के बीच अंबाला कैंट के कबाड़ी बाजार चौक पर एक चलती एक्टिवा आग का गोला बन गई। गनीमत यह रही कि समय रहते राहगीरों ने शोर मचा दिया। जैसे ही गद्दी से आग की लपटें उठती देखी तो चालक भाजपा आईटी सेल के प्रधान आशीष सभरवाल ने खुद को सुरक्षित किया। दुकानदारों ने मुस्तैदी दिखाते हुए पानी व अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया, जब तक एक्टिवा अधिकतर जल गई थी। कैंट मोची मंडी के रहने वाले आशीष ने बताया कि वह अपनी एक्टिवा पर सवार होकर किसी काम से अंबाला कैंट के उपमंडल कार्यालय की तरफ जा रहे थे। इतने में राहगीर चिल्ला रहे थे कि सीट के नीचे आग लगी है। इतने में वह संभल पाता कि आग फैल गई। मुख्य सड़क के बीचोंबीच एक्टिवा पूरी तरह से जल गई।

# पंचायती भूमि से काट ली 31.87 लाख की लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में गांव के ही एक व्यक्ति पर पंचायत में बिना पैसे जमा करवाएं पंचायती भूमि पर खड़े 31 लाख 87 हजार रुपए की लकड़ी काटने का आरोप लगा है। पुलिस ने बीडीपीओ की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खंड साढ़ौरा के बीडीपीओ श्यामलाल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव रसूलपुर की पंचायती भूमि पर पेड़ लगे हुए हैं। पेड़ों को प्रताप सिंह ने 31 लाख 87 हजार रुपए में खरीद लिया था। आरोप है कि आरोपी प्रताप सिंह ने पंचायत में बिना पैसा जमा करवाए पेड़ों को काट लिया। सरपंच द्वारा आरोपी प्रताप सिंह को पैसे जमा करने के लिए बोला मगर आरोपी ने पैसे जमा नहीं करवाए। सरपंच ने उसे इस बारे सूचित किया। उसने आरोपी से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी प्रताप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

### उद्योगपति से सिम स्वैप के जरिए 95 लाख 74 हजार रुपये की साइबर ठगी

यमुनानगर। जगाधरी स्थित सिविल लाइंस क्षेत्र में एक उद्योगपति से सिम स्वैप के जरिए 95.74 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने कंपनी के मोबाइल नंबर की डुप्लीकेट सिम जारी कराकर बैंक खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से यह राशि अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दी।पीड़ित उद्योगपति निर्दोष जैन, जो उत्तर भारत उद्योग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं, ने बताया कि 24-25 मई के बीच उनके मोबाइल का नेटवर्क अचानक बंद हो गया और इसी दौरान खाते से लगातार लेन-देन होने लगा। जांच में सामने आया कि रकम को 13 से अधिक बैंक खातों में भेजा गया है, जो विभिन्न राज्यों से जुड़े बताए जा रहे हैं।मामले में साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस साइबर सेल और बैंकों की मदद से ट्रांजेक्शन की ट्रेसिंग कर रही है।

### क्रिप्टो में पैसे दोगुना करने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी, केस दर्ज

अंबाला। भुडंगपुर गांव निवासी किसान जतिंद्र सिंह से क्रिप्टो करेंसी में पैसे दोगुना करने का झांसा देकर 6 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित को इंस्टाग्राम पर पोलक्स कॉइन से जुड़ा एक मैसेज मिला, जिसमें निवेश पर भारी मुनाफे का दावा किया गया था। लालच में आकर उसने दिए गए नंबर पर संपर्क किया और पंजाब के मानसा निवासी जौवन सिद्धू से बात हुई। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि 1 लाख रुपये निवेश करने पर अच्छा रिटर्न मिलेगा। इसके बाद पीड़ित अपने साथी के साथ चंडीगढ़ के एक होटल में पहुंचा और नकद राशि सौंप दी। बाद में आरोपी ने और पैसे लगाने का दबाव बनाया और अधिक लाभ का झांसा दिया। धीरे-धीरे पूरी रकम 6 लाख रुपये तक पहुंच गई। जब पीड़ित को कोई लाभ नहीं मिला तो ठगी का पता चला। मामले में नग्गल थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बलदेव सिंह पद्मश्री अवार्ड मिलने से खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा की खेल नगरी शाहाबाद के लिए गर्व का ऐतिहासिक पल रहा, जब द्रोणाचार्य अवार्डी हॉकी कोच बलदेव सिंह को राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। जैसे ही यह सम्मान उन्हें मिला, पूरे शाहाबाद और खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों की तपस्या, संघर्ष और भारतीय महिला हॉकी को नई पहचान दिलाने वाले इस गुरु को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्मश्री से नवाजा जाना हरियाणा के लिए भी गौरव की बात है। बलदेव सिंह ने उस दौर में शाहाबाद में महिला हॉकी की नींव मजबूत की, जब बेटियों का खेलों में आगे बढ़ना आसान नहीं था। सीमित संसाधनों और तमाम सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने गांव-गांव से प्रतिभाएं खोजीं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया। उनकी मेहनत और समर्पण ने शाहाबाद को भारतीय महिला हॉकी की सबसे बड़ी नर्सरी बना दिया। शाहाबाद हॉकी अकादमी से निकली दर्जनों खिलाड़ी देश के लिए खेल चुकी हैं।

---

हरियाणा ने यमुना को प्रदूषण मुक्त करने को एक्शन प्लान बनाया

# पर्यावरण प्रहरी करेंगे औचक निरीक्षण, नोडल अधिकारी नियुक्त

यमुना, दिल्ली में प्रवेश करने से पहले करनाल, पानीपत और सोनीपत जिले में बहती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

यमुना नदी में प्रदूषित पानी के बहाव को रोकने के लिए हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यमुना एक्शन प्लान बनाया है। प्लान के तहत बोर्ड ने प्रदेश में यमुनानगर, करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद, गुड़गांव, बहादुरगढ़ व पलवल आदि जिलों के रकबों से बह रही यमुना नदी का औचक निरीक्षण करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं और स्पेशल टीमें बनाई हैं। स्मरणीय है कि यमुना हरियाणा में लगभग 320 किलोमीटर के रकबे में पानी का बहाव करती है। हरियाणा में यमुना नदी स्वच्छ जल के साथ प्रवेश करती है। जबकि यमुना नदी, दिल्ली में प्रवेश करने से पहले करनाल, पानीपत और सोनीपत जिले में बहती है। वहीं यमुना नदी फरीदाबाद ज़िले में हरियाणा में फिर से आती है, पलवल से होकर बहती है और मथुरा ज़िले में कोसी के पास उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर जाती है।

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी योगेश कुमार ने बताया कि सभी मुख्य पर्यावरण अभियंताओं और वरिष्ठ पर्यावरण अभियंताओं को उन सभी जिलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जहां से यमुना बहती है। सभी नोडल अधिकारी समय-समय पर संबंधित बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर यमुना एक्शन प्लान की मॉनिटरिंग, इम्प्लीमेंटेशन और प्रोग्रेस का रिव्यू करेंगे। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देते हुए प्रदूषण विरोधी नियमों की पालना के लिए औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी के साथ बैठक करेंगे।

उन्होंने कहा कि नोडल अफसर अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में पर्यावरण से जुड़े संभावित खतरों की पहचान करने और उन्हें दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें उन औद्योगिक संस्थानों की पहचान करेगी जो बहुत ज़्यादा प्रदूषण फैला रही हैं, खासकर पानी का प्रदूषण। उन्होंने बताया कि नोडल ऑफिसर्स के अलावा, सब डिविजनल अफसर और साइंटिस्ट-बी अधिकारियों वाली स्पेशल हेडक्वार्टर टीमें यमुना नदी का औचक निरीक्षण करेंगी।

उन्होंने बताया कि पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट और प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों की अलग-अलग संयुक्त टीमें भी यमुना बेल्ट के साथ सभी दस जिलों में जांच करेगी। उन्होंने कहा कि इन सभी कोशिशों का मुख्य मकसद यमुना को प्रदूषण-मुक्त बनाना है, जो हरियाणा के जिलों से होकर गुज़रती है, और प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### 11 बड़े नालों पर विशेष नजर, बिना ट्रीट पानी यमुना में न छोड़ा जाए

10 जिले व 320 किमी रकबे पर अधिकारियों की नजर



हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य में यमुना नदी में गिरने वाले 11 बड़े नालों का धरातल पर विस्तृत सर्वेक्षण किया। इनमें यमुनानगर में धनौरा ड्रेन, पानीपत में ड्रेन नंबर दो, सोनीपत में ड्रेन नंबर छह, बहादुरगढ़ में मुंगेशपुर ड्रेन, केसीबी ड्रेन और ड्रेन नंबर आठ, गुरुग्राम में लेग-वन, लेग-टू और लेग-थ्री ड्रेन, फरीदाबाद में बुढ़िया नाला और गौंची ड्रेन शामिल हैं। गत वर्ष किए गए सर्वेक्षण के दौरान, बोर्ड ने ऐसी जगहों की पहचान की थी जहां बिना ट्रीटमेंट वाला सीवेज, सॉलिड वेस्ट, इंडस्ट्रियल एफ्लुएंट और खतरनाक वेस्ट इन नालों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए सही ट्रीटमेंट के बिना छोड़ा जा रहा था। नतीजों के आधार पर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने के मकसद से महत्वाकांक्षी यमुना एक्शन प्लान तैयार किया। इस प्लान के तहत लेटेस्ट स्टेप में, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पहचाने गए नालों से जुड़े जिलों में मुख्य पर्यावरण अभियंता और वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता को नोडल अफसर नियुक्त किया है।

### कुवि कुलगुरु करेंगे हिंदी पत्रकारिता दिवस पर केयूके पाडकास्ट को लांच

**कुरुक्षेत्र।** जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 29 मई 2026 को केयूके पाडकास्ट का भव्य शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित मीडिया संस्थान के स्टूडियो में दोपहर 12.30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया, पॉडकास्टिंग और आधुनिक पत्रकारिता के नए आयामों से जोड़ना है। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कवि के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम का निर्देशन संस्थान के निदेशक के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र दामला में किसानों के कल्याण एवं कृषि के विकास के दिए आवश्यक सुझाव

# मधुमक्खी पालन किसानों की आय बढ़ाने का कारगर माध्यम : प्रो. कांबोज

### चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कृषि विज्ञान केंद्र दामला में किसानों के कल्याण एवं कृषि उन्नति के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। उन्होंने किसानों के कल्याण एवं कृषि उन्नति हेतु महत्वपूर्ण दूरदर्शी सुझाव प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने जिले के प्रगतिशील कृषक उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीण नवाचारों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यातिथि एवं चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि ग्रामीण नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार किसानों एवं ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार और आय वृद्धि के नए अवसर प्रदान कर सकते हैं। मौके पर गांव हाफीजपुर के सुभाष कांबोज ने मधुमक्खी पालन, बी.पोलन, प्रोपोलिस तथा परागण के कृषि महत्व से जुड़े उत्पादों एवं संभावनाओं के बारे में जानकारी सांझा की।


यमुनानगर। कृषि विज्ञान केंद्र दामला में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण नवाचारों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। *फोटो : हरिभूमि*

**किसानों के हित में उठाए जा रहे ठोस कदम**

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा किसानों के हित एवं सशक्तिकरण के लिए अनेक नई पहलें प्रारंभ की जा रही हैं। इन पहलों का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धिए,कृषि उद्यमिता को बढ़ावा, महिला सशक्तिकरण, मूल्य संवर्धन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रसार करना है। मौके पर गांव दामला के प्रगतिशील किसान एवं उद्यमी धर्मवीर सिंह कांबोज ने अपने द्वारा विकसित बहुउद्देश्यीय हर्बल एवं फूड प्रोसेसिंग मशीन, ग्रामीण प्रसंस्करण तकनीकों तथा मूल्य संवर्धन गतिविधियों की जानकारी दी।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि मधुमक्खी पालन किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ाने तथा फसलों की उत्पादकता सुधारने का प्रभावी माध्यम है। इस दौरान कुलपती प्रो. बीआर कांबोज ने महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण हस्तशिल्प के क्षेत्र में गांव कुंजल की रेखा रानी व उनके स्वयं सहायता समूह द्वारा फुलकारी, हस्तनिर्मित वस्त्र एवं ग्रामीण हस्तशिल्प उत्पादों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

उन्होंने एयरपोर्ट स्टॉल, प्रदर्शनियों एवं विभिन्न मेलों के माध्यम से ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के अनुभव सांझा किए। कुलपति प्रो. कांबोज ने महिला उद्यमियों को आधुनिक विपणन, ब्रांडिंग एवं मूल्य संवर्धन से जोड़ने पर विशेष बल दिया।

इस दौरान उन्होंने यमुनानगर के उद्यमियों के साथ संवाद किया तथा उन्हें अपने उद्यमों का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्यवसाय को बड़े स्तर पर विकसित करने हेतु गुणवत्ता सुधार, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, बाजार संपर्क एवं डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस अवसर पर किसान क्लब के प्रधान एसपी सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र दामला के समन्वयक डॉ. संदीप सिंह रावल, डॉ. करण सिंह सैनी, प्रिंस कांबोज, गौरव व अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जिला परिषद के वाइस चेयरमैन ने दिलाया विकास का भरोसा

# विकास की डगर पर सरपट दौड़ेंगे गांव, करोड़ों हुए खर्च, आगे भी होंगे

### अग्नि विजय सिंह चौहान ने सुनीं लोगों की समस्याएं कई का किया मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिला परिषद द्वारा गांव मारुपुर व जठलाना में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। इन कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रुप में जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह चौहान ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का जल्द निदान करवाए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव विकास की दौड़ में सरपट भागेंगे। गांवों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। आगे भी विकास की रफ्तार बनी रहेगी। जनमानस की सुविधाओं की राह में बजट रोड़ा नहीं बनेगा। विकास कार्यों के लिए आगे भी फंड मुहैया कराया जाता रहेगा।

वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह चौहान कहा कि जिला परिषद द्वारा गांवों के विकास की ओर प्राथमिकता से ध्यान दिया जा रहा है।

इस दौरान ग्रामीणों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जिनमें से कुछ समस्याओं को जिला परिषद के वाइस चेयरमैन ने मौके पर समाधान करवा दिया। जबकि शेष का समाधान जल्द करवाए जाने का आश्वासन दिया। मौके पर वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह चौहान ने गांव मारुपुर में कम्युनिटी हाल के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 10 लाख रुपये की अनुदान राशि दिए जाने की घोषणा की।

वहीं , पांच लाख रुपये की ग्रांट राशि वाल्मीकि धर्मशाला की बाउंड्री वॉल के लिए देने की घोषणा की। गांव जठलाना में अनाज मंडी के सामने स्थित उधम सिंह कॉलोनी की गली के निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपये की ग्रांट राशि मंजूर की गई। वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने जिला परिषद की ओर से अब तक गांव बरहेडी में 7 लाख रुपये की ग्रांट राशि गोगा माडी परिसर में शैड के लिए दी गई है। गांव खुर्दी में अंबेडकर भवन के लिए 7 लाख रूपये की ग्रांट राशि देने की घोषणा की। गांव नाहरपुर में अंबेडकर भवन के लिए 10 लाख रूपये की ग्रांट राशि देने की घोषणा की। गांव जठलाना में अंबेडकर भवन के लिए 10 लाख रूपये की ग्रांट राशि दी गई है।

21 लाख रुपये की ग्रांट राशि गांव खजूरी में अंबेडकर भवन के लंगर हॉल के लिए दी गई है। गांव जठलाना में वाल्मीकि धर्मशाला के लिए 10 लाख रूपये की ग्रांट राशि देकर भवन संपन्न करवाया गया। गांव नाहरपुर के शमशान घाट में 10 लाख रुपये की ग्रांट राशि से शेड का निर्माण करवाया जा चुका है। गांव गुमथला में अंबेडकर भवन के लिए 8 लाख रुपये की ग्रांट राशि से कार्य करवाया गया। गोगा माडी गुमथला में फर्श व शैड के लिए 5 लाख रुपये की ग्रांट राशि दी गई।


यमुनानगर। गांव मारुपुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह चौहान। फोटो : हरिभूमि

**इन वार्डों के लिए दी गई राशि**

वाइस चेयरमैन ने बताया कि जिला परिषद के वार्ड नंबर 13 में वह विकास कार्यों के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये की ग्रांट राशि दे चुके हैं। वहीं, वार्ड नंबर 13 में खस्ता हालत सड़कों के निर्माण पर लगभग 4 करोड़ रुपये की ग्रांट राशि खर्च हो चुकी है। जिसमें खुर्दी से खजूरी, खुर्दी से नागल, उन्हेडी से नाहरपुर, नाहरपुर से तिगरा, नाहरपुर से करहेडा तक की सड़को का जिला परिषद से मिली ग्रांटो से निर्माण करवाया जा चुका है। विकास कार्यों की वजह से लोगों को जीवन यापन में सुविधा हो रही है।


यमुनानगर के स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित वेस्ट से बेस्ट कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल रहा 'वेस्ट से बेस्ट' स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- मुकंद संस्था द्वारा स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में हुई प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

मुकंद संस्था के तत्वावधान में रादौर के स्वराज पब्लिक स्कूल में वेस्ट टू वंडर थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेपर क्राफ्ट, प्लास्टिक का सही प्रयोग, पुराने कपड़े को नई लुक देना व प्राकृतिक चीजों का प्रयोग करके वेस्ट से बेस्ट बनाना विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कक्षा एक से आठवीं तक के 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में किशोर कुमार व राजीव ने भाग लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा जौली कालरा ने बताया कि कक्षा एक व दो की वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा काव्यांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसी स्कूल की नायरा ने द्वितीय व हरिओम शिव ओम पब्लिक स्कूल के हर्ष कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि सांत्वना पुरस्कार श्यामा पब्लिक स्कूल के शिवान ने प्राप्त किया।

ग्रुप बी की कक्षा 3 से 5 तक की कक्षा के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता में स्वराज शिशु निकेतन की छात्रा वंशिका ने प्रथम, स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर की हेजल ने द्वितीय, स्वराज पब्लिक स्कूल दामला के मोनी रॉय ने तृतीय व हरि ओम शिव ओम पब्लिक स्कूल की गीतांशी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि ग्रुप सी में कक्षा 6 से आठवीं की प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल के वैभव ने प्रथम व तनिश ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि हरिओम शिव ओम पब्लिक स्कूल की प्राक्शी ने तृतीय और स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर के यूनिक ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान डीएवी पब्लिक स्कूल को शानदार प्रदर्शन करने पर ओवरऑल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी प्रतिभागी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा जौली कालरा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य में ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


यमुनानगर। गांव लालछप्पर में मीठा पानी पिलाते ऋषिपाल राणा व अन्य।

## छबील लगाकर बुझाई लोगों की प्यास

**यमुनानगर।** गांव लालछप्पर में नंबरदार ऋषिपाल राणा के नेतृत्व में मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें सैंकड़ों राहगीरों को मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। राणा ने बताया कि सभी की सुख शांति व भाईचारे की कामना को लेकर मीठे पानी की छबील लगाई गई है। लोगों की सेवा करने से मन की शांति मिलती है। सभी को लोगों की सेवा करने के लिए ऐसे कार्य करते रहना चाहिए। जिससे भगवान व इंसान दोनों ही खुश होंगे।

## जाट नगर में प्यासों को पिलाया पानी

**रादौर।** रादौर के जाट नगर में मंगलवार को युवाओं ने समाजसेवी विकास वर्मा के नेतृत्व में गंगा दशहरे के उपलक्ष में मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। विकास वर्मा ने कहा कि गंगा माता के अवतरण के उपलक्ष में दशहरे का त्योहार मनाया जाता है। जिसमें सभी मीठा पानी, हलवा, मीठे चावल व अन्य प्रकार का दान करते हैं। नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसलिए सभी युवाओं की ओर से मीठे पानी की छबील लगाकर नर सेवा करने का कार्य किया गया है। मौके पर वंश रामगढ़, कुणाल राणा, रोहित सैनी पूर्णगढ़, सिमरनजीत सिंह, विकास वर्मा, अर्पित, करिश्मा, नितिन, सुनील, देवी लाल आदि मौजूद थे।



## 19 बच्चों को वितरित किए स्कूल बैग

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय फरकपुर व बुबका में कार्यक्रम आयोजित कर जरुरतमंदो को स्कूल बैग व अन्य सामान वितरित किया गया। क्लब के सचिव भारत माटिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राजकीय माध्यमिक विद्यालय फरकपुर में जरुरतमंद 19 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। वहीं, बच्चों के कमरों के लिए 20 टयूबलाइटस भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूल फरकपुर में बच्चों को 13 स्कूल बैग व सरकारी स्कूल बुबका में 6 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। अब तक क्लब की ओर से सरकारी स्कूलों में 100 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब मानवता की भलाई के लिए दुनिया के 200 से अधिक देशों में कार्य कर रही है। रादौर में 1984 से रोटरी क्लब अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। क्लब की ओर से जल्द सरकारी स्कूलों में सौ टयूबलाइटस वितरित की जाएंगी।

# सड़क किनारे खड़ा बिजली का टूटा खंभा बन सकता है हादसे का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के बाहर सड़क किनारे खड़ा है बिजली का टूटा खंभा
- लोगों को आवागमन में होती है परेशानी, शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कालेज के समक्ष एसके रोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से टूटा हुआ बिजली का खम्बा किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन व बिजली निगम के अधिकारियों से कालेज के समक्ष सड़क किनारे खड़े बिजली के टूटे हुए खम्बे को हटाए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के बिट्टू मलिक, संदीप कुमार, साहिल, रिंकू व सतीश आदि ने बताया कि जेएमआईटी इंजीनियरिंग कालेज के पास से एसके रोड़ गुजर रहा है। जिससे रोजाना हजारों छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। कुछ दिन पहले किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कालेज के समक्ष सड़क किनारे खड़े बिजली के खंबा बीच में टूट गया है। मगर इस टूटे हुए खंबे को अभी तक हटाया नहीं गया है और यह टूटा हुआ खंबा हवा में झूल रहा है। यदि किसी दिन तेज आंधी चल गई तो यह टूटा हुआ खंबा किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक खंबे को हटाया नहीं गया है।

**जल्द होगा समाधान**

बिजली निगम के जेई सतपाल ने बताया कि टूटे खम्बे को जल्द बदलवा दिया जाएगा। इस संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



# पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि जनता के साथ धोखा : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रम सैनी ने केंद्र द्वारा पेट्रोल व डीजल के दामों में वृद्धि के फैसले का विरोध किया है। कहा कि लगातार बढ़ रही कीमतों से जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में पेट्रोल और डीजल के दामों में कई बार बढ़ोतरी की गई है, जिससे किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग की परेशानी बढ़ गई है। सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक परिस्थितियों का बहाना बनाकर लोगों पर आर्थिक दबाव डाल रही है। उन्होंने कहा कि पहले ही रसोई गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ चुकी हैं, ऐसे में ईंधन महंगा होने से परिवहन खर्च और महंगाई दोनों बढ़ेंगे। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। भाजपा सरकार को जनता को राहत देने के लिए पेट्रोल व डीजल की कीमतों में कमी करनी चाहिए। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता पर आसमान छूती महंगाई की मार पड़ रही है। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता पर महंगाई लादकर जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। यह जनता का शोषण है।

## विनित कुमार जैन बोले- गिरते भूजल स्तर को बचाने में डीएसआर मशीन कारगर

# डीएसआर मशीन से धान की बिजाई पर 4500 प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

### सहायक कृषि अभियंता ने धान की सीधी बिजाई का किया निरीक्षण किसानों को दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ. आदित्य प्रताप डबास के मार्गदर्शन में सहायक कृषि अभियन्ता विनित कुमार जैन ने खंड छछरौली के गांव मलिकपुर खादर व हडौली में किसानों द्वारा डीएसआर मशीन द्वारा की जा रही धान की सीधी बिजाई का निरीक्षण किया। इस दौरान खंड कृषि अधिकारी हरिन्द्र सिंह व एटीएम नितिन भी मौजूद रहे।सहायक कृषि अभियन्ता ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से खरीफ 2026 सीजन में धान की सीधी बिजाई डीएसआर मशीन से करने पर 4500 रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

गांव हडौली के किसान हरकोमल, अशोक गोयल, प्रभजोत सिंह, मलिकपुर खादर के सौरभ शर्मा व प्रभजोत के 16 एकड़ भूमि में धान की सीधी बिजाई की गई। धान की सीधी बिजाई करने वाले इन किसानों ने बताया कि वह गत कुछ वर्षों से धान की सीधी बिजाई ही कर रहे हैं जिससे न केवल पानी व अन्य खाद इत्यादि पर होने वाले खर्च में भी कमी आई है। जबकि पैदावार में कोई कमी नहीं आई है। पॉपुलर के खेत में धान की सीधी बिजाई करने से वह अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक कृषि अभियन्ता विनित जैन ने कहा कि किसान पारम्परिक विधि से धान की पौध तैयार करके धान की रोपाई खेत में करते हैं। जबकि इस समय तापमान अधिक होने के कारण पानी का अत्याधिक वाष्पीकरण होने से पानी की खपत बहुत ज्यादा होती है। इसके अतिरिक्त धान की रोपाई करने में श्रम भी अधिक लगता है। जिससे धान की खेती पर होने वाले खर्च में वृद्धि होती है। इस खर्च को कम करने के लिये किसान धान की सीधी बिजाई डीएसआर मशीन द्वारा कर सकते हैं। जिससे नीचे गिरते भू-जल स्तर को भी बचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 20 मई से जून माह का पहला पखवाड़ा सीधी बिजाई के लिये उपयुक्त है व पहला पानी बिजाई के लगभग 21 दिन बाद लगाया जाता है। इस विधि से बिजाई करने में 15 से 20 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। खरपतवारों की समस्या कम होती है व जड़ें गहरी चले जाने के कारण लौह तत्व की समस्या बहुत कम आती है। इसके लिये किसान सीधी बिजाई रेतीली जमीनों में न करें व केवल उन्हीं खेतों में करें जिसमें किसान पहले से ही धान की फसल ले रहे हैं।


यमुनानगर। गांव मलिकपुर खादर में धान की सीधी बिजाई का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

**प्रोत्साहन राशि के लिए करना होगा पंजीकरण**

सहायक कृषि अभियन्ता ने बताया कि प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिये इच्छुक किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने बताया कि डीएसआर मशीन को खरीदने पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा समय-समय पर अनुदान उपलब्ध करवाया जाता रहा है। इसके अतिरिक्त किसान सहायक कृषि अभियन्ता यमुनानगर के पास उपलब्ध डीएसआर मशीन व मेज प्लान्टर को पहले आओ पहले पायो के आधार पर बुक करवा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब पिहोवा ने चलाया विशेष अभियान

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा की को-पायलट महिला सहयोगियों की ओर से साक्षरता मिशन के तहत चलाया जा रहा विशेष अभियान पढ़ो, बढ़ो , मुस्कुराओ शिक्षा एक नई दिशा अब सफलता की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। इस अभियान के तहत क्लब की महिलाओं ने उन 12 महिलाओं और बच्चों को शिक्षित करने का कार्य किया, जो पहले स्कूल नहीं जाते थे और पढ़ना-लिखना नहीं जानते थे।

### बाखली में लगाया निःशुल्क मेडिकल कैंप

**पिहोवा।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट गांव बाखली कलां और बाखली खुर्द में पहुंची, जहां दोनों गांवों के ग्रामीणों ने अपने घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

### जगह-जगह ठंडे-मीठे पानी की छबीलें लगाई

**पिहोवा।** चिलचिलाती गर्मी से राहगीरों को निजात दिलाने के लिए शहर में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवी लोगों द्वारा जगह-जगह ठंडे मीठे पानी की छबीलें लगाई गई। इन छबीलों पर छोटे-छोटे बच्चे भी सेवा करते दिखाई दिए पड़े। इसी श्रृंखला में सरस्वती तीर्थ पर आने वाले यात्रियों एवं राहगीरों के लिए मां सरस्वती अन्नपूर्णा भंडारा सेवा समिति व अनाज मंडी से समाजसेवी ओम प्रकाश अश्वनी कुमार की ओर से माता सरस्वती मंदिर के समक्ष ठंडे मीठे शरबत की सेवा एवं लंगर लगाया गया।

### शिक्षकों को दिए बेहतर शिक्षण कार्य के टिप्स

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में चल रही तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षकों को बेहतर शिक्षण कार्य के टिप्स दिए जा रहे हैं। कार्यशाला के दूसरे दिन बताया कि व्याख्यान को प्रभावशाली एवं संवादात्मक कैसे बनाया जाए।

### स्मरण व एकात्मकता स्तोत्र का उच्चारण किया

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आचार्या दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। दक्षता वर्ग का आरंभ गीत द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्रातः स्मरण, एकात्मकता मंत्र एवं एकात्मकता स्तोत्र का उच्चारण किया गया। बौद्धिक सत्र आचार्या मेघा ने लिया, जिसका विषय 'एटीएल- अर्थ एवं महत्त्व' रहा ताकि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकास हो सके। एटीएल के साथ विभिन्न विषयों को किस प्रकार जोड़ा जा सकता है।

---

गर्मी और लू से बचाव के लिए जागरूक रहें, सतर्कता ही सुरक्षा का मूल मंत्र

# हीटवेव का प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य व जीवनशैली पर डालता है असर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों में हर साल गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। हाल के वर्षों में हीटवेव या लू एक गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य समस्या बनकर उभरी है।

**हीटवेव से बुजुर्ग, छोटे बच्चे, मजदूर और बाहर काम करने वाले लोग ज्यादा प्रभावित**

हीटवेव का मतलब है, जब तापमान सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है और लगातार कई दिनों तक बना रहता है। भारत में आमतौर पर जब तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक पहुंच जाता है, तो इसे हीटवेव की स्थिति माना जाता है। हीटवेव के बढ़ने के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन को माना जाता है। तेजी से बढ़ता प्रदूषण, जंगलों की कटाई, शहरीकरण और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पृथ्वी के तापमान को लगातार बढ़ा रहा है। हीटवेव का प्रभाव सिर्फ मौसम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे लोगों के स्वास्थ्य और जीवनशैली पर असर डालता है। अत्यधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन (पानी की कमी), हीट स्ट्रोक, थकान, चक्कर आना और कभी-कभी मौत तक हो सकती है। खासकर बुजुर्ग, छोटे बच्चे, मजदूर और बाहर काम करने वाले लोग ज्यादा प्रभावित होते हैं। हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति होती है, जिसमें शरीर का तापमान 40 डिग्री से ऊपर चला जाता है और तुरंत इलाज की जरूरत होती है।

### पानी पीते रहें



डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के संचालक डा. हिमांशु जैन ने कहा कि लू के दौरान बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को खास सतर्क रहने की जरूरत है। तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर निकलना सबसे ज्यादा खतरनाक हो सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और हल्के, ढीले कपड़े पहनें। साथ ही, शरीर में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के लक्षणों को नजरअंदाज ना करने की भी चेतावनी दी गई है।

### जंक फूड तथा अधिक तेल-मसाले वाले खाद्य पदार्थों से बचें : डॉ. सुरेंद्र मेहता



एस मेहता सर्जीकल एंड मैटरनिटी अस्पताल के संचालक डा. सुरेंद्र मेहता ने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी न होने दें। प्यास लगे या न लगे, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। नींबू पानी, लस्सी, छाछ, ओआरएस तथा चावल का मांड जैसे घरेलू पेय पदार्थों का सेवन लाभदायक है। उन्होंने लोगों को जंक फूड तथा अधिक तेल-मसाले वाले खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि ताजे फल, हरी सब्जियां एवं घर का हल्का भोजन ही ग्रहण करें। बुजुर्गों का दिन में कम से कम दो बार हालचाल लें, उन्हें अकेला न छोड़ें तथा उनके लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खेतिहर मजदूर, निर्माण कार्य में लगे श्रमिक, ट्रैफिक पुलिस कर्मी, डिलीवरी बॉय, रिक्शा चालक तथा अन्य बाहरी कार्य करने वाले लोग समय-समय पर छांव में विश्राम अवश्य करें। साथ ही किसी भी स्थिति में बच्चों को बंद वाहन में अकेला न छोड़ें, क्योंकि वाहन के अंदर तापमान अत्यधिक बढ़ सकता है, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

### बुजुर्गों का रखें ध्यान



श्रीबालाजी आरोग्यम अस्पताल के प्रभारी डा. अनुराग कौशल ने कहा कि हीटवेव से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए, भले ही प्यास न लगे। नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी जैसे पेय शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। घर में ठंडक बनाए रखने के लिए पर्दे, पंखे, कूलर या एसी का इस्तेमाल करें। खिड़कियों को दिन में बंद और रात में खुला रखना फायदेमंद होता है। भारी और तले हुए भोजन से बचकर हल्का और पौष्टिक भोजन करना चाहिए। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### 3 से 3.5 लीटर पानी पीना चाहिए: डॉ. परूथी



परूथी न्यूरो मनोरोग क्लीनिक के संचालक मनोरोग विशेषज्ञ डा. नरेंद्र परूथी ने कहा कि गर्मियों में हर व्यक्ति को प्रतिदिन लगभग 3 से 3.5 लीटर पानी पीना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि हर 30 से 40 मिनट में एक गिलास पानी जरूर पिएं। शिकंजी, लस्सी और अन्य घरेलू पेय पदार्थ शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं।

### धूप से बचना बेहद जरूरी : डॉ. अनेजा



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के हेल्थ सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि इन दिनों शरीर को हाइड्रेट रखना, धूप से बचना और सही खानपान अपनाना बेहद जरूरी है। अगर शुरूआती लक्षणों को समय रहते पहचान लिया जाए तो हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि शुरूआती लक्षणों में शरीर पर लाल दाने, खुजली, मसल्स क्रैम्प्स और बहुत थकान महसूस होना शामिल है. कुछ मरीजों की त्वचा पसीने के कारण गीली रहती है, जबकि कुछ मामलों में त्वचा सूखी भी हो सकती है। कई बार मरीज को कमजोरी, चक्कर और बहुत ज्यादा थकावट महसूस होती है, जिसे लोग सामान्य गर्मी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर समस्या बन सकती है।

---

## भाजपा सरकार में महंगाई पहुंची चरम सीमा पर : राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पिपली पैराकीट में पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा है कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। युवाओं के हितों की अनदेखी की जा रही है। बार बार परीक्षाएं लीक हो रही हैं, जिससे युवाओं का मनोबल टूट रहा है। पिछले 10 दिनों में चौथी बार महंगाई बढी है। 10 दिनों के अंदर पेट्रोल, डीजल के दाम तकरीबन आठ रुपये बढ गए हैं। वहीं रसोई गैस सिलेंडर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर तथा सीएनजी के दामों में बढोतरी हुई है। केंद्र सरकार बार बार महंगाई बढाकर लोगों पर बेवजह आर्थिक बोझ डाल रही है। सरकार हर मोर्चे पर नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि पांच राज्यों के चुनाव खत्म होते ही महंगाई बढा दी गई। वे मंगलवार को गुरुग्राम से चंडीगढ़ जाते समय पिपली पैराकीट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर फेल हुई है। भाजपा सरकार में महंगाई इस कद्र तेजी से बढी है कि आम जन का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने 43 लाख करोड़ टैक्स के रूप में वसूल कर लिए, लेकिन सरकार ने लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए टैक्स में कोई राहत नहीं दी।

**इन्होंने किया स्वागत**

इससे पूर्व पैराकीट में पहुंचने पर प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी प्रधान मेहर सिंह रामगढ़, राजेंद्र कल्याण, डा सुलतान सिंह, सरपंच ईश्वर सिंह, गिरजा सिंह, मान सिंह, राजबीर सिंह, बलबीर सिंह, वीरेंद्र रोहिला व सुनीता बतान ने गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया।

### चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कराटे सेमिनार 2 जून से

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खेल गतिविधियों का केंद्र बनने जा रही है। कराटे एकेडमी गोजू रियू सेइवाकाई इंडिया के तत्वावधान में आगामी 2 जून से 5 जून 2026 तक एक भव्य राष्ट्रीय स्तरीय कराटे सेमिनार, चैंपियनशिप और ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय महाकुंभ के मुख्य आयोजक विख्यात कराटे प्रशिक्षक शिहान प्रद्युम्न गौड़ हैं। अगस्त में जापान में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी आयोजक शिहान प्रद्युम्न गौड़ ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस सेमिनार और चैंपियनशिप का महत्व इसलिए भी बहुत अधिक है क्योंकि यहाँ बेहतर प्रदर्शन करने वाले हमारे प्रतिभावान खिलाड़ी आगामी अगस्त माह में जापान में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने जाएंगे। कुरुक्षेत्र में होने वाला यह शिविर उन खिलाड़ियों के लिए तैयारी का एक बेहतरीन मंच साबित होगा।

---

## नाटक प्रस्तुति के लिए रिहर्सल की

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

रंगमंच के क्षेत्र में नगर की प्रमुख संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। उल्लेखनीय है कि इस संस्था में युवा वर्ग से लेकर 75 वर्ष तक की आयु के प्रतिष्ठित परिवारों से जुड़े लोग शामिल हैं जो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करते हैं। विख्यात अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बृज किशोर शर्मा ने कहा कि हरियाणा कला परिषद की सांस्कृतिक संध्या में रंग मंच को समर्पित संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले बहुचर्चित हास्य नाटक चक्कर ही चक्कर की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।



कुरुक्षेत्र। नाटक की रिहर्सल में भाग लेने वाले प्रमुख कलाकार। फोटो: हरिभूमि

**70 से 60 वर्ष तक के कलाकारों ने की रिहर्सल**

इस मौके पर 70 से 60 वर्ष तक के कलाकारों ने भी नाटक प्रस्तुति के लिए सघन रिहर्सल की। नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी बृज किशोर शर्मा द्वारा किया जा रहा है, जबकि संगीत निर्देशन की जिम्मेदारी डा. अमरजीत सिंह, सहायक प्रोफेसर संगीत विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय संभाल रहे हैं। कार्यक्रम के मार्गदर्शक के रूप में प्रेरणा वृद्धाश्रम एवं संस्था के संस्थापक व संचालक डा. जय भगवान सिंगला का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## तपती दोपहरी में परीक्षा से छात्रों में आक्रोश

- एमए फाइनल परीक्षाएं 1 जून से 18 जून तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र



भीषण और जानलेवा गर्मी के बीच भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षाओं के समय में कोई बदलाव न किए जाने से विद्यार्थियों और अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है। पोस्ट ग्रेजुएट प्राइवेट तथा दूरवर्ती शिक्षा विभाग की एमए फाइनल परीक्षाएं 1 जून से 18 जून तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि जहां हरियाणा सरकार सहित पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में गर्मी को देखते हुए स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के समय में बदलाव किया गया है, वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन अब भी कुंभकरणी नींद में सोया हुआ प्रतीत हो रहा है। छात्राओं और उनके अभिभावकों ने सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। आरोप है कि कई परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय परिसर से दूर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जहां तपती गर्मी में पहुंचना छात्राओं के लिए कठिन और जोखिम भरा साबित हो सकता है।

**हस्तक्षेप की मांग**

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा भी नागरिकों को दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने न तो परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाई और न ही परीक्षा समय को मॉर्निंग शिफ्ट में परिवर्तित किया। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने हरियाणा के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परीक्षाएं कम से कम 15 दिन आगे बढ़ाई जाएं अथवा सुबह 7 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएं।

### डीएलएसए ने जागरूकता शिविर लगाया

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र द्वारा ट्रैवलर वैन के माध्यम से गांव धानी रामपुरा, टिकरी, बोधनी एवं तलहेड़ी में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता विशाल मित्तल एवं पैरा लीगल वालंटियर रजत कुमार द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न नालसा योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने नालसा योजना, 2015, नालसा योजना, 2025, नालसा योजना, 2016, नालसा योजना, बाल विवाह उन्मूलन हेतु जागरूकता, सहयोग, सहायता एवं कार्रवाई योजना, 2025 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## खिलाड़ियों के साथ हुआ संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। खिलाड़ियों के साथ संवाद करते एनआईटी निदेशक प्रो. ब्रह्मजीत सिंह।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में संस्थान के खेल परिसर में निदेशक प्रो. ब्रह्मजीत सिंह ने विभिन्न खेलों के कप्तानों एवं खिलाड़ियों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने छात्रों को खेलों के प्रति अधिक प्रेरित करने तथा संस्थान की खेल सुविधाओं के विकास एवं आधुनिकीकरण पर विस्तार से चचो की। कार्यक्रम में डीन; स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. लिली दीवान, मुख्य वार्डन; गर्ल्स हॉस्टल प्रो ज्योति ओहरी, मुख्य वार्डन बॉयज हॉस्टल, प्रो, मोहित दुआ, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलबाग पंचाल, प्रो. इंचार्ज ; फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स, प्रो. अरुण गोयल, फैकल्टी इंचार्ज डॉ. छगनचारण उपस्थितरहे। संवाद के दौरान विभिन्न खेलों के कप्तानों एवं खिलाड़ियों ने खेल सुविधाओं से संबंधित अनेक सुझाव एवं समस्याएं निदेशक केसमक्ष रखीं। कबड्डी टीम के कप्तान हिमांशु ने कबड्डी के लिए सिंथेटिक मैट की आवश्यकता बताई, वहीं खिलाड़ियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु मिलने वाले दैनिक भत्ते में वृद्धि की मांग भी रखी। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों ने आधुनिक खेल उपकरणों की उपलब्धताए खेल मैदानों के रखरखाव तथा खिलाड़ियों के लिए बेहतर बैठने एवं पेयजल सुविधाओं की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



### बीआर स्कूल के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया कराटे चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इण्डिया 14जी कराटे चैम्पियनशिप में 23 मैडल हासिल कर सफलता का एक नया इतिहास रच दिया है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जम्मू व कश्मीर के कैबिनेट मिनिस्टर व स्पोर्टस मिनिस्टर श्री सतीश शर्मा ने चीफ गैस्ट के रूप में किया। प्रतियोगिता में 13 राज्यों में से 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के 23 छात्रों में से 15 छात्रों ने गोल्ड मेडल, 7 छात्रों ने सिल्वर एवं 1 छात्र ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपने अभिभावकों एव विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के कराटे कोच हैब सिंह ने बताया कि बीआर के खिलाड़ियों ने विरोधी पक्षों को पराजित कर ऑवर ऑल ट्राफी पर कब्जा जमाया। बच्चों के स्कूल वापिस लौटने पर अभिभावकों द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत किया गया।

### दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रसायन विज्ञान विभाग सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित विभागों में से एक है। इस विभाग की स्थापना 1961 में हुई थी, जिसमें प्रोफेसर एसएम मुखर्जी, एफ.एन.ए विभाग के पहले प्रमुख थे। रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. जी.पी. दुबे ने बताया कि 2 वर्षीय एमएससी. केमिस्ट्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी के पास 3 वर्षीय बी.एससी. डिग्री में तीनों वर्षों तक केमिस्ट्री विषय होना अनिवार्य है तथा कुल अंकों में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष सीजीपीए होना चाहिए। इसके अतिरिक्त ऐसे विद्यार्थी भी पात्र होंगे जिन्होंने बी.एससी. में केमिस्ट्री विषय में न्यूनतम 24 क्रेडिट प्राप्त किए हों और कुल 50 प्रतिशत अंक हासिल किए हों। प्रो. दुबे ने बताया कि वहीं 1 वर्षीय एम.एससी. केमिस्ट्री कार्यक्रम के लिए 4 वर्षीय बी.एससी. ऑनर्स/बी.एससी. ऑनर्स विद रिसर्च डिग्री में केमिस्ट्री के न्यूनतम 80 क्रेडिट तथा 50 प्रतिशत अंक आवश्यक होंगे। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार रसायन शास्त्र विभाग के पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया 25 मई, 2026 से प्रारंभ हो चुकी है।

---



## गाय हत्या पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाए जाने की मांग

**थानेसर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से पूरे हरियाणा प्रांत के अंदर सभी जिलों के अंदर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा को ज्ञापन सौंपे गए। कुरुक्षेत्र जिला में भी विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। मांग की गई की किसी भी प्रकार की गाय की हत्या असहनीय होगी, अवैध रूप से चल रहे सभी बूचड़खानों को बंद किया जाए। गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करके, गाय हत्या पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए। संत समाज की ओर से स्वामी हरिओम दास परिव्राजक का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। जिला मंत्री राजेंद्र सैनी ने हरियाणा सरकार से मांग की कि गाय से संबंधित कोई सख्त कानून हरियाणा सरकार में लागू किया जाए अन्यथा विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल सड़कों पर उतरेगा।

महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के कार्यों की सराहना, शिक्षा और संस्कारों पर हुई चर्चा

# आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृति और संस्कारों का समन्वय समय की आवश्यकता : सावित्री जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭थानेसर

हरियाणा सरकार की पूर्व मंत्री एवं हिसार की विधायक सावित्री जिंदल से महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना संस्था के मुख्य व्यवस्थापक एवं अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा समाज में संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर सावित्री जिंदल ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, लेकिन इसके साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों का समावेश भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक और जिम्मेदार व्यक्तित्व का निर्माण करना भी होना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। हिसार की विधायक सावित्री जिंदल का स्वागत करते अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत**

राजेश सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि योग्य और जरूरतमंद विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना भी है। संस्था शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि समाज के सक्षम वर्ग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग किया जाए तो कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे नहीं रहेगी। सावित्री जिंदल ने संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा इससे अनेक विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव सीकरी, सेवानिवृत्त प्राध्यापिका मंजू सिंगला तथा अन्य शिक्षाविद् एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

**जन-साधारण सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि सुरजमुखी सीजन गत वर्ष 2025-26 से मई-2026 तक जिन किसानों ने आढ़तियों के माध्यम से अनाज मण्डी, शाहबाद (मा.) में सूरजमुखी की फसल बेची हैं, यदि उन किसानों से अनाज मण्डी, शाहाबाद के आढ़तियों द्वारा आढ़त के नाम पर 1.50 प्रतिशत या 100 रूपये प्रति क्विंटल की अवैध जबरन वसूली की गई हैं तो वह किसान अपनी सूचना इस प्रकाशन के 02 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय मार्किट कमेटी, शाहाबाद (मा.) में व्यक्तिगत रूप से आकर लिखित रूप में, कार्यालय की ई-मेल आई.डी. mcsbd36@gmail.com पर अथवा डाक के माध्यम से कार्यालय मार्किट कमेटी, नई अनाज मण्डी, शाहाबाद (मा०) के पते पर दे सकते हैं।

चेयरमैन, मार्किट कमेटी, शाहाबाद (मा.)

सचिव एंव कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, शाहाबाद (मा.)

## खबर संक्षेप

### जिले में 2.90 लाख पशुओं को लगेंगे टीके

**अंबाला।** उपनिदेशक सघन पशुधन विकास परियोजना डॉ. रणजीत सिंह जादौन द्वारा बताया गया कि पशुपालन को बढ़ावा देने और पशुधन को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा 11 मई 2026 से 11 जून, 2026 तक जिला में एक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस एक महीने के दौरान विभाग की टीमें घर-घर जाकर गाय, भैंस और बैल समेत सभी पशुओं को मुंह-खुर और गलघोंटू के टीके निशुल्क लगाए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत पूरे क्षेत्र में लगभग 2 लाख 90 हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया।

### आत्मनिर्भरता के लिए महिलाओं को मिलेंगे पांच लाख

**अंबाला।** जिला प्रबंधक हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा बताया कि योजना हरियाणा सरकार द्वारा मातृशक्ति उधमिता हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक के ऋ ण दिलवाने की योजना लागू की गई है। जिला के लिए वित्त वर्ष मे 48 केसों का लक्ष्य रखा गया है। स्कीम के तहत जिन महिलाओं की पारिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम, केवल हरियाणा की महिला उघमी तथा ऋ ण के लिए आवेदन के समय महिला उघमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच इस स्कीम की पात्र होगी।

### जीवन सुरक्षा योजना के पात्रों को बांटे चेक

**शहजादपुर।** मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना 2013 योजना के अंतर्गत मार्केट कमेटी में लाभ पात्रों को चेक वितरित किए गए। चेयरमैन गोपाल मित्तल द्वारा रक्षा देवी को उनके पति ज्ञान चंद की मृत्यु खेत में कृषि कार्य करते समय ट्रैक्टर नीचे दबनें की वजह सें मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। प्रिंस सिंह को ट्यूबेल का बोर चलाते समय करंट लगने के कारण बाजू कट गई थी जिसकी वजह सें यह दुर्घटना कृषि कार्य में संलग्न होनें के कारण प्रिंस को सवा लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

### नपा सचिव अब रोज करेंगे मॉनिटरिंग, चेयरमैन को दी जाएगी रिपोर्ट

# सफाई व्यवस्था पर आपात बैठक भड़के चेयरमैन, कर्मियों को दी चेतावनी

शहर की सड़कों, वार्डों और बाजारों में फैली गंदगी से जनता परेशान है और नगर पालिका की छवि हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। बैठक में मौजूद चेयरमैन व कर्मचारी।

शहर में गंदगी, कचरे के ढेर और चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया। मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में प्रधान रजत मलिक ने अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाई। चेयरमेन के तेवर बेहद सख्त नजर आए और उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अब सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। मलिक ने सख्त लहजे में कहा कि शहर की सड़कों, वार्डों और बाजारों में फैली गंदगी से जनता परेशान है और नगर पालिका की छवि खराब हो रही है। उन्होंने सफाई सुपरवाइजरों और सेनिटेशन ब्रांच को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यदि किसी भी वार्ड में कचरा पड़ा मिला या सफाई व्यवस्था ढीली मिली तो संबंधित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई तय मानी जाए।प्रधान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कई जगह नियमित सफाई नहीं हो रही, नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं और कचरा समय पर नहीं उठाया जा रहा। ऐसी लापरवाही अब किसी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका सचिव मोहित सैनी के नेतृत्व में अब सफाई व्यवस्था की रोजाना मॉनिटरिंग होगी। प्रत्येक वार्ड की रिपोर्ट तैयार की जाएगी।बैठक के दौरान प्रधान रजत मलिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों और कॉलोनियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सुबह और शाम दोनों समय सफाई व्यवस्था की जांच की जाएगी ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा कचरा उठाने वाले वाहनों की नियमित निगरानी करने और समय पर डोर-टू-डोर कलेक्शन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम नजदीक है, ऐसे में नालों और नालियों की सफाई समय रहते पूरी कर ली जाए ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। प्रधान ने यह भी कहा कि यदि किसी कर्मचारी की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई तो उसका जवाब संबंधित सुपरवाइजर से भी लिया जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोग खुले में कचरा फेंकने से बचें और नगर पालिका की सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। प्रधान रजत मलिक ने यह भी स्पष्ट किया कि वह स्वयं शहर का औचक निरीक्षण करेंगे और लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, सफाई सुपरवाइजर, सेनिटेशन विंग के कर्मचारी व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# तिहरा हत्याकांड: तीन दिन बाद भी आरोपी का सुराग नहीं

- अभिषेक डी फार्मेसी का छात्र था, वह अपने साथ भारी मात्रा में कारतूस भरकर लाया था, उसने 12 फायर किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बिचपड़ी गांव में तीन दिन पहले हुए तिहरे हत्याकांड पुलिस अभी तक आरोपी अभिषेक को नहीं पकड़ पाई। एक साथ तीन परिजनों की हत्या के बाद से आरोपी का फोन भी बंद आ रहा है। ऐसे में आरोपी की लोकेशन पता नहीं लग पा रही है। अब तक पुलिस को आरोपी की बाइक भी बरामद नहीं हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि अपनों पर ही गोलियां बरसाने वाला डी-फार्मेसी का छात्र अभिषेक पूरी तैयारी के साथ आया था और अपनी जेबों में भारी मात्रा में कारतूस भरकर लाया था। आरोपी ने 12 फायर किए थे जबकि मौके से 3 कारतूस भी बरामद हुए हैं। आरोपी का पुलिस को कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। शोक संतप्त परिवार के सदस्य सोमवार सुबह श्मशान घाट पहुंचे और रोते-बिलखते हुए मृतकों की अस्थियां एकत्रित कीं। इसके बाद परिजन बेटे संदीप, दादी इसरो देवी और चाचा महिंद्र के फूल लेकर पवित्र गंगा में विसर्जित करने के लिए हरिद्वार रवाना हो गए। बिचपड़ी गांव में तीसरे दिन भी मातम पसरा हुआ है। हर कोई इस बात से स्तब्ध है कि आखिर घर के ही चिराग ने पूरे हंसते-खेलते परिवार को श्मशान में तब्दील कर दिया। उधर, पुलिस की तीनों सीआईए टीम, शहजादपुर थाना व एसटीएफ भी आरोपी की तलाश के लिए दबिश दे रही है। चंडीगढ़ के पुराने दोस्तों के जरिये भी आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

**2 घंटे पहले भतीजे को गोद में खिलाया**

आरोपी अभिषेक के इस आत्मघाती और खूनी कदम ने पुलिस व परिवार दोनों को हैरान कर दिया है। जांच में सामने आया है कि हत्याकांड को अंजाम देने से महज 2 घंटे पहले तक अभिषेक का व्यवहार पूरी तरह सामान्य था। वह अपने भाई के सामने ही अपने 8 महीने के मासूम भतीजे को गोद में लेकर खिला रहा था। कोई सोच भी नहीं सकता था कि जो चाचा दो घंटे पहले बच्चे को दुलार रहा था, उसके दिमाग में पूरे परिवार को खत्म करने की खूनी साजिश चल रही थी।

**पुलिस दे रही दबिश**

आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। आरोपी अभिषेक के अलावा पिता व माता पर दर्ज हुई प्राथमिकी मामले में गहनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही माता-पिता पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

-सूरज चावला, डीएसपी, नारायणगढ़

# 15 लाख की धोखाधड़ी में दूसरा आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने साजिश रचकर 15 लाख की ठगी करने और जाली दस्तावेज तैयार करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कमल कुमार के रूप में हुई है। परिवादी राजेश कुमार ने 5 जनवरी 2026 को पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। उसका आरोप था कि आरोपियों द्वारा 17 जुलाई 2023 से 28 अक्तूबर 2023 के बीच ठगी उससे पंद्रह लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। मामले में संलिप्त आरोपी संजीव, कमल कुमार व अन्य साथियों ने लिखित इकरारनामा कर शिकायतकर्ता से 15 लाख उधार लिए थे। रकम वापस न करनी पड़े इसके लिए आरोपियों ने जमीन बेचने के नाम पर एक फर्जी और जाली इकरारनामा तैयार कर लिया। शिकायतकर्ता की अर्जी पर मामला दर्ज कर जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। शाखा के प्रबंधक निरीक्षक परमवीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए आरोपी कमल कुमार को काबू किया। पुलिस इससे पहले मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी कमल कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने फर्जी इकरारनामा और कंप्यूटर स्कैनर बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी कमल कुमार को पुलिस टीम द्वारा न्यायालय में पेश किया गया।



### कराटे चैंपियनशिप में तीन खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड

**मुलाना।** खानअहमदपुर स्थित ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल एकेड़मी के खिलाड़ियों ने जम्मू में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में स्वर्ण, रजत और कांस्य मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में दक्षप्रीत, सचकिरत कौर और मानवी ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार सफलता हासिल की। वहीं तृषा और बनी ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा लविश, कीरतप्रीत कौर और भाविका चौहान ने कांस्य पदक जीतकर अकैडमी का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में कई राज्यों के खिलाडियों ने भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का ही परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता हासिल कर क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे।

# सरकारी नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से अब तक 31.70 लाख बरामद, आर्थिक अपराध शाखा कर रही है जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। ठगी के मामले में पकड़ा गया आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के नए सदस्य को काबू किया है। अब पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रवीण कुमार के तौर पर हुई है जिससे 6.70 लाख बरामद किए गए हैं। इस मामले में अब तक कुल 31 लाख 70 हजार की बरामदगी हो चुकी है।

पुलिस टीम ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को को काबू किया था। दरअसल अंबाला छावनी के राजिंद्र पार्क के रहने वाले मुकेश कुमार ने 11 नवंबर 2025 को थाना महेश नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार जनवरी 2023 में आरोपी प्रवीण कुमार और उसके साथियों ने उनके बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। इसके एवज में आरोपियों ने लाखों रुपये ऐंठ लिए। समय बीतने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही आरोपियों ने पैसे वापस किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गहन जांच और मुस्तैदी दिखाते हुए पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार वासी गांव अंधेरीको नगर खेड़ा से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी से पुलिस 25 लाख बरामद कर चुकी थी। अब पकड़े गए आरोपी प्रवीण कुमार के कब्जे से 6 लाख 70 हजार की नकदी और बरामद की गई है। मामले में अब तक कुल 31,70,000 की रिकवरी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

# आरोपी को पकड़ने की बजाय पुलिस बना रही समझौते का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अदालत से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बावजूद पुलिस दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी सरेआम घूम रहा है। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा है। साथ ही केस में समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है। परिवार की ओर से अब एसपी को मामले की शिकायत दी गई है।

गांव मलौर के रहने वाले पीड़िता के ससुर ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि गांव का ही रहने वाला साहिल पिछले काफी समय से उसकी पुत्रवधू को परेशान कर रहा था। उसने पुत्रवधू की इंस्टाग्राम आईडी पर छेड़छाड़ कर अपने साथ उसकी फोटो बना ली थी। इस फोटो के आधार पर ही आरोपी साहिल ने उसकी पुत्रवधू से कई बार दुष्कर्म किया था। आरोपी ने 28 फरवरी 2026 को उनके घर में पुत्रवधू से से फिर दुष्कर्म का प्रयास किया लेकिन परिवार घर पर होने के करण उसे मौके पर ही काबू कर लिया था। इसके बाद उसे परिवार के हवाले कर दिया गया। ससुर का आरोप है कि पुत्रवधू के केस से बचने के लिए आरोपी साहिल ने खुद चाकू मारकर उनके तीनों बेटों, पुत्रवधुओं व पोता पोती के खिलाफ हत्या के प्रयास का झूठा केस दर्ज करवा दिया था। इस केस में उसके तीन बेटों को कई दिन तक जेल में रहना पड़ा। इसके बाद आरोपी के चाचा संजय कुमार ने भी परिवार के 11 लोगों के खिलाफ दूसरा झूठा केस दर्ज करवा दिया।

### भारांपुर: कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 150 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# छात्रों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देना जरूरी : राकेश

- चयनित छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर सौंपे गए
- तकनीकी दक्षता व अनुशासन की कंपनियों ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। आईटीआई के चयनित छात्र। फोटो: हरिभूमि

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर में विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक भव्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें नारायणग शुगर मिल के यूनिट हेड वीके सिंह व एचआर मैनेजर लोकेंदर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तिथ रहे। इस प्लेसमेंट अभियान में विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा संस्थान के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार एवं तकनीकी मूल्यांकन किया। संस्थान के कनिष्ठ अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विभिन्न ट्रेडों के 150 छात्र-छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ इंटरव्यू में भाग लिया। कंपनियों के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता, व्यवहारिक ज्ञान एवं कार्य क्षमता का परीक्षण किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत कुल 120 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। शुगर मिल के यूनिट हेड वीके सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे संस्थान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में तकनीकी शिक्षा के साथ रोजगारपरक प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि द्वारा चयनित विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्रदान किए।

### तेज रफ्तार कार ने मोमोज की रेहड़ी को मारी टक्कर, पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

**बराड़ा।** शहर के क्वालिटी चौक पर रविवार शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अधोया रोड की तरफ से रोंग साइड आ रही एक अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने सामने से आ रही मोमोज की रेहड़ी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रेहड़ी के परखच्चे उड़ गए और सामान सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गया। हादसे में रेहड़ी मालिक रजनीश यादव तथा उसका 12 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। घायल रजनीश यादव की एक टांग की हड्डी कई जगह से टूट गई, जबकि उसके बेटे को भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को सड़क से उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। दूसरी ओर कार चालक एयरबैग खुलने के कारण सुरक्षित बच गया, लेकिन मौका देखकर घटनास्थल से फरार हो गया। कुछ देर बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से एमएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि क्वालिटी चौक पर तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से ट्रैफिक व्यवस्था सख्त करने और रोंग साइड चलने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### रिहायशी भवन से 60 हजार की नकदी व गहने चोरी

**अंबाला।** सिमरन विहार में बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोर 60 हजार रुपये की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और घर में रखा कीमती सामान ले गए। परिवार 17 मई को घर पर ताला लगाकर घरौंडा में आयोजित शिवपुराण कथा सुनने गया था। सात दिन बाद जब परिवार वापस लौटा तो घर के ताले टूटे पड़े थे। इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।मनोज कुमार उर्फ सोनू ने शिकायत में बताया कि वह रेलवे के ऑपरेटिंग विभाग में हैं और हाल ही में सिमरन विहार स्थित इस मकान में शिफ्ट हुए थे। 17 मई को वह अपने परिवार के साथ घरौंडा में शिवपुराण कथा में शामिल होने गए थे और परिवार सहित सात दिन वहीं रहे थे।इस दौरान अलमारी के लॉकर में रखे 60 हजार रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। चोर बर्तन का सेट, गैस चूल्हा व पानी की मोटर तक ले गए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### बेटियां उज्ज्वल भविष्य की पहचान : कविता रानी

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ईंटल कलां गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। एमपीएचडब्ल्यू कविता रानी व पवन कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि समाज में बेटियों को समान अधिकार देना अत्यंत आवश्यक है। जब तक बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा तब तक समाज पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कई बार लोग सामाजिक दबाव में आकर बेटियों के साथ भेदभाव करते हैं, जो गलत है।

### माजरा के कम्यूनिटी सेंटर में हुआ प्रभावी संवेदीकरण कार्यक्रम

# 450 स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ली बेटी बचाने की शपथ

अवैध रूप से लिंग जांच करने या भ्रूण हत्या में शामिल किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। कार्यक्रम में मौजूद महिला कर्मचारी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत माजरा के कम्यूनिटी सेंटर में एक विशाल और प्रभावी संवेदीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबाला की सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर काम करने वाले स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के तंत्र को मजबूत कर समाज से कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना था। इस मुहिम में कुल 450 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से सीडीपीओ, महिला व पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जिले भर में पीसी-पीएनडीटी और एमटीपी अधिनियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अवैध रूप से लिंग जांच करने या भ्रूण हत्या में शामिल किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

**बारीकी से दी जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान विभाग के वरिष्ठ नोडल अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को कानूनी और वित्तीय सुरक्षा चक्रों के बारे में विस्तार से समझाया: अवैध लिंग जांच पर वार: उप-सिविल सर्जन डॉ. मुकेश कंदरा और नोडल अधिकारी डॉ. नीरज ने प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम की बारीकियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह अवैध लिंग जांच के खिलाफ विभाग अपनी खुफिया टीमों के जरिए सख्त कार्रवाई को अंजाम दे रहा है। इसे जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. पल्लवी ने सुरक्षित और कानूनी गर्भपात के नियमों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही उन जनकल्याणकारी योजनाओं पर विशेष प्रकाश डाला जो बेटियों के जन्म लेने पर उनके माता-पिता को वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं।